### खबर संक्षेप



## भाजपा नेता के सूने घर से नगदी और ज्वैलरी लेकर चोर हुए चंपत

**सिलौंडी।** सिलौंडी चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नही ले रही है । विगत रात सिलौंडी चौकी के ग्राम सुनारखेड़ा निवासी भाजपा नेता अनिल पांडे के सुने घर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोल कर 25 हजार नगद और लगभग 4 लाख की सोने चांदी के आभूषण चोरी लिये । विगत रात अनिल पांडे अपने जबलपुर घर पर थे । सुनारखेड़ा वाले आवास पर सुने घर को देखकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है । पुलिस ने जानकारी मिलते ही सुनारखेड़ा पहुँचकर मामले की जांच शुरू कर दी है । चोरी की बढ़ती वारदातों से क्षेत्र में भय का माहौल है ।

## नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं में प्रवेश की परीक्षा 20 जनवरी को

**कटनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 का आयोजन 20 जनवरी को जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों पर होना सुनिश्चित है। उक्त परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अतः समस्त अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र का रजिस्ट्रेशन नंबर एवं जन्म तिथि का उपयोग पासवर्ड की तरह करें। यदि कोई अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर भूल गया हो तो जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के कार्यालय से संपर्क करें। समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा के रामय प्रवेश पत्र के साथ अपना स्वयं का आधार कार्ड अथवा आवेदन पोर्टल पर अपलोड किये गये सरकार द्वारा स्वीकृत माता पिता के निवास प्रमाण पत्र को मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी। चयन परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र पर सत्यापन के समय उम्मीदवार से मिलान किया जायेगा।

## कुपोषण मुक्त कटनी बनाने 11 हजार की सहयोग निधि प्रदत्त

**कटनी।** जिले में कलेक्टर अवि प्रसाद ने कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए जनसहयोग की अपील की थी। जिसको लेकर विभिन्न संस्थाएं और समाजसेवी, उद्योगपतियों ने आगे आकर कुपोषण मुक्त जिला बनाने की मुहिम में सहयोग प्रदान किया है। कलेक्टर की पहल पर जिले की रीठी तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैंगवा के शिक्षकों ने भी मिसाल पेश करते हुए कुपोषण को मिटाने में अपना सहयोग प्रदान किया है। सोमवार को स्कूल के शिक्षकों ने प्रभारी प्राचार्य विपिन तिवारी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपने वेतन से एकत्र किए 11 हजार रूपए का चौक कलेक्टर अवि प्रसाद को भेंट किया। शिक्षकों ने बताया कि प्राचार्य सहित अतिथि शिक्षक जयप्रकाश पटेल, धर्मेंद्र सिंह, शिवाकांत मिश्रा, अनिल यादव, पवन दुबे, संजय श्रीवास्तव, प्रीति विश्वकर्मा, आरती पटेल, रामकेत शास्त्री ने अपने वेतन की राशि एकत्र कर कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए अटल बाल मित्र योजना के तहत राशि भेंट की है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा की और कहा कि आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में वे अपना योगदान दें और स्कूल के छात्रों के बेहतर भविष्य को लेकर कार्य करें। शिक्षकों ने कलेक्टर की नो बुके की पहल पर उनको पुस्तक भी भेंट की।

### ग्राम भखरवारा मार्ग स्थित खेत में सजी थी महफिल, पुलिस ने मारी रेड

# कड़कड़ाती ठंड में चल रहा था जुआ, 11 जुआरी गिरफ्तार, 1 लाख 7 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भखरवारा में चल रहे एक जुआफड़ में दबिश देकर करीब एक दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए जुआरियों के पास से बड़ी मात्रा में नकदी रूपए भी बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभीजीत कुमार रंजन द्वारा अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अति पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर के निर्देशन में गत दरमियानी रात को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि पूर्णिमा गौतम के खेत भखरवारा रोड कुआ में बने मकान के पीछे कुछ लोग ताश पत्तो पर रुपये पैसे का हार जीत दांव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे है।



### घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

सूचना की तस्दीक पर पूर्णिमा गौतम के खेत के मकान के पीछे तरफ कई लोग बल्ब के उजाले मे बैठे दिखे। गाडी दूर खड़ी कर हमराह स्टाफ को साथ लेकर पैदल सावधानी पूर्वक जाकर रेड किया तो दो जगहो पर एक फड मे 6 व्यक्ति तथा दूसरे फड मे 05 व्यक्ति जमीन मे बैठे ताश पत्तो से रुपये पैसे की हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले। जिन्हे स्टाफ के मदद से घेरकर पकडा गया। एक फड मे 5 जुआरियों के पास से नगदी 57500 रुपये तथा दूसरे जुआ फड मे 06 जुआरिया जिनके पास से ताशपत्ते सहित नगदी 49500 रुपये मिले। इस तरह दोनो जुआफड़ों से पकड़े गए जुआरियों के पास से कुल 1 लाख 7000 रुपये जप्त किये गये।

### जुआ खेलते ये पकड़े गए

पकड़े गए जुआरियों में गुलाम हुसैन निवासी मिशन चौक कटनी, रज्जू उर्फ राजेश गुप्ता निवासी सिहोरा, उमेश चौबे निवासी तेवरी, कुलदीप सिंह बैस निवासी पन्ना मोड रोड कटनी, नीलेश सोनी निवासी गोसलपुर, अकबर खान मंसूरी निवासी खितौला सिहोरा, लकी असाटी निवासी बुढागर, हरजीत सिंह पंजाबी निवासी गोसलपुर, पराग असाटी निवासी बुढागर, प्रशांत चौरसिया निवासी बुढागर, राकेश गुप्ता निवासी ग्राम कुआं के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अलग अलग 02 मामले पंजीबद्ध किये गये है।

कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा थाना प्रभारी बहोरीबंद, सउनि अनुराग पाठक, आर. कोमल, विशाल, दयानंद, दीपक सिंह की रही।

बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पकड़े गए जुआड़ी जुआ के आदी हैं। यह लोग जगह बदल बदल कर जुआ फड़ जमाते हैं। 1 महीने से इन लोगों की लोकेशन तलाश की जा रही थी काफी मशक्कत के बाद गत रात्रि इन्हें पकड़ने में सफलता मिली।



## क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में कोई कमी नहीं रहेगी: पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही नगर में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सतेन्द्र पाठक के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत नगरवासियों व नगर अध्यक्ष पार्षदों महिलाओं के द्वारा किया गया। विधायक को लड्डुओं से तौला गया। श्री पाठक सर्व प्रथम विधायक बाबा विजयनाथ धाम पहुंचे पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया। बाबा विजयनाथ के विकास कार्यों के लिए राशि घोषित की गई। जगह जगह नगर में विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। बाजार में मंच में संबोधित करते हुए विधायक ने कहा प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित करने करने संकल्प लिया है। हर प्रदेश के सभी जिलों गांवों तक सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

आप सब लोगों ने आशिर्वाद से ही मैंने विजय प्राप्त की है। कुछ लोगों ने दगाबाजी की है उनके लिए मेरे दरवाजे हमेशा बंद रहेंगे। बरही नगर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। अस्पताल, आईटीआई भवन, बैटमिंटन कोर्ट, बिजली, पानी, रोड, बस स्टैंड मूलभूत सभी सुविधाएं मुहैया कराई है इसके अतिरिक्त जो कार्य बाकी है उन्हें भी शीघ्र ही पूर्ण कराया जाएगा। मैं विधायक नहीं क्षेत्र का बेटा हूं जो सुखदुख में हमेशा खड़ा रहूंगा। गरीबों की बिटिया की शादी में हमेशा मदद करता रहूंगा।

### जांच में मिली अनियमितताओं पर की गई कार्यवाही

# 6 लाख 74 हजार रूपए के खाद्यान्न सामग्री में घपले पर एफआइआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से गरीब परिवारों को दिए जाने वाले खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही सामने आने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में शासकीय उचित मूल्य की पिपरिया बाकल, बहोरीबंद की दुकान में खाद्यान्न वितरण में अनियमितताओं पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी जांच कराई गई और दुकान में करीब 6 लाख 74 हजार 391 रुपए की 257 क्विंटल खाद्यान समग्री का अपयोजन पाये जाने पर पिपरिया बाकल के विक्रेता चमनलाल झारिया के विरूद्ध बाकल पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### जांच कर सौंपी रिपोर्ट

तहसील बहारीबंद अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान पिपरिया दुकान कोड 4205005 के विक्रेता चमनलाल झारिया के द्वारा खाद्यान्न सामग्री वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत के आधार पर दुकान की जांच क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बहोरीबंद के पियूष कुमार शुक्ल के द्वारा की जाकर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहारीबंद को प्रस्तुत किया गया।

### बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद भी हितग्राहियों को राशन का नहीं किया गया वितरण

जांच में विक्रेता के द्वारा माह दिसंबर 2023 में शासकीय उचित मूल्य दुकान पिपरिया बाकल की जांच के दौरान सामग्री का नियमित वितरण नहीं किये जाने के साथ ही शासन निर्देशानुसार हितग्राहियों को पीओएस मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन करने के बावजूद भी विक्रेता द्वारा माह अक्टूबर 2023 का राशन प्रदाय नहीं किये जानें, दुकान से सम्बद्ध हितग्राााहियों को माह नवंबर 2023 का राशन प्रदाय नहीं करने साथ ही भौतिक सत्यापन के दौरान रूपये 6 लाख 74 हजार 391 रूपये के बाजार मूल्य के गेहूँ 150.23 क्विंटल, चावल 106.72 क्विंटल का अपयोजन खुर्द-बुर्द किया जाना पाया गया। जिसके फलस्वरूप कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान पिपरिया बाकल के विक्रेता बाकल निवासी चमनलाल झारिया के विरूद्ध पुलिस थाना रीठी में सोमवार 8 जनवरी 2024 को बाकल पुलिस थाना में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

## आगामी परीक्षा को देखते हुए बच्चों की कराएं तैयारी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा का विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरावी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया विद्यालय में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित पाए गए तथा मिशन 45 के अंतर्गत उन्हें निर्देशित किया गया एवं सुझाव भी शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि फरवरी में दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा का संचालन किया जाना है जिसमें छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम पूरा हो गया है तो उसे दोबारा महत्वपूर्ण प्रश्न उत्तर एवं अध्ययन करवाया जाए और और शेष पाठ्यक्रम को पूर्ण कर छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षा को देखते हुए तैयारी करवाई जाए जिससे विद्यालय का परिणाम अच्छा आ सके एवं बच्चों की तैयारी में किसी भी तरह की लापरवाही शिक्षकों के द्वारा ना की जाए ताकि बच्चों का भविष्य खराब ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के सहयोग में मुख्य लिपिक रविंद्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे

## बारहवीं के बाद क्या करें, कैरियर गाइड बुकलेट में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहों सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पहुंचकर यहां प्रोजेक्ट पंख के तहत ड्रोन तकनीक के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरभ नामदेव ने प्रोजेक्ट पंख के उद्देश्यों और दिये जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डाईट के व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने किया।

सांसद श्री शर्मा और अतिथियों ने जिला प्रशासन द्वारा तैयार कराई गई बारहवी के बाद क्या करें ? कैरियर गाईड बुकलेट का विमोचन किया। इस कैरियर गाईड बुकलेट में बारहवी के बाद युवाओं द्वारा चयनित किये जा सकने वाले संभावनाशील पाठयक्रमों और विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई है। इस बुकलेट के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर अवि प्रसाद है। इस जिला प्रशासन द्वारा गुगलिया चौरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से प्रकाशित कराया गया है।



### हब बनने से जिले में निवेश बढ़ने से मिलेगा फायदा

## सांसद ने सिमरा में लाजिस्टिक हब परियोजना स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को रीठी तहसील के सिमरा गांव में करीब 32.63 हेक्टेयर में बनने वाले लाजिस्टिक हब परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। इस भूमि को खाद्य विभाग को लाजिस्टिक हब परियोजना के क्रियान्वयन हेतु उद्योग विभाग से पहले ही अनापत्ति प्राप्त हो चुकी है। सांसद श्री शर्मा ने यहां सिमरा पहुंचकर लाजिस्टिक हब परियोजना के क्रियान्वयन हेतु मौका मुआयना किया।

मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब बनने से जिले में निवेश बढेगा और कटनी की देश में भौगोलिक केन्द्र बिन्दु में होने का भी फायदा मिलेगा। यहां पश्चिम मध्य रेल्वे का कटनी सबसे बड़ा रेल जंक्शन है यहां से बीना, जबलपुर , सतना बिलासपुर के माध्यम से देश भर में 5 दिशाओं में रेल कनेक्शन सेवा और सिंगरौली पूर्व से रेनूकोट, मुगलसराय, हावडा और कोलकाता तक कनेक्टिविटी है। कटनी में देश का दूसरा सबसे बडा डीजल शैड है खनिज संपदा से समृद्ध कटनी में लाजिस्टिक हब खुलने से रोजगार के अवसर बढेंगे और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा।



इस दौरान विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय, कलेक्टर अवि प्रसाद , पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, कटनी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी , जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जनपद अध्यक्ष रीठी अर्पित अवस्थी, रामरतन पायल, जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत आदि उपस्थित रहे।

### मरीजों के लिए भी आफत बना मौसम, अस्पतालों में बढ़ी तादाद

# पांच दिनों से बादलों में छिपे सूर्यदेव, कोहरे व ठंड के प्रकोप से कंपकंपाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आसमान में छाए बादल से सूर्य की किरणें जमीन पर नहीं पहुंच रही हैं जिससे दिन में धूप नहीं खिल पा रही। धूप नहीं निकलने से दिन भर हल्के कोहरे की धुंध बनी रहती है। इसके अलावा सुबह व शाम के समय अधिक घना हो जाता है। मौसम के इस रूख से श्वांस, दिल व दमा रोगियों की भी आफत हो रही है। वहीं सर्दी जुकाम से लगभग हर कोई प्रभावित हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पूर्वी हवाओं के कारण वातावरण में नमी भी रहेगी और आसमान में बादल भी। आगामी तीन से चार दिनों में आसमान से बादल छटेंगे तो फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी। रात का तापमान गिरेगा और दिन में धूप खिलने से दिन का तापमान बढ़ेगा। फिलहाल बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं लेकिन अगले तीन से चार दिन आसमान से बादल भी नहीं हटेंगे।

दूसरी ओर रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए यह मौसम अनुकूल बताया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार ठंड अधिक होने से गेहूं के उत्पादन के साथ गुणवत्ता भी अच्छी होती है।



मौसम को लेकर चिकित्सकों ने भी बचाव की सलाह दी है। उनका कहना है कि सर्द मौसम में बच्चों और बुजुर्गों का ख्याल रखने की बेहद आवश्यकता है। क्योंकि सर्द हवाओं की चपेट में आने से यह बीमार पड़ सकते हैं। इसलिए इन्हें गर्म कपड़े पहनाकर रखें और बाहर न निकलने दें। इस समय सांस रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ठंड लगने से बच्चे सांस रोगी बन रहे हैं। उन्हें सांस लेने में परेशानी होती है और खांसी के साथ कफ परेशान करता है। ऐसे में जरूरी है कि उनके खाने पीने से लेकर पहनने तक का ख्याल रखें यदि किसी तरह की परेशानी लगे तो तत्काल डाक्टर से परामर्श लें अन्यथा निमोनिया के शिकार बन सकते हैं।

सर्दी का मौसम जिस तरह से हार्ट के मरीजों के लिए घातक होता है उसी तरह से कोहरा भी सांस के रोगियों की परेशानी बढ़ा देता है। एक्सपर्ट के अनुसार सर्दियों में सुबह का समय दिल के मरीजों और शाम का समय सांस के लिए मरीजों के लिए संवेदनशील होता है। डॉक्टरों के अनुसार सर्दियों में सबसे अधिक हार्ट अटैक होते है। सुबह पांच बजे से आठ बजे तक का समय दिल के मरीजों के लिए और शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक का समय सांस के मरीजों के लिए संवेदनशील होता है। सुबह के समय टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है लेकिन दिल के मरीजों के लिए सुबह के समय टहलना जानलेवा भी साबित हो सकता है। सुबह के समय शरीर में कैटाकोलामीन नाम के तरल पदार्थ का रिसाव बढ़ जाता है। ऐसे में हार्ट अटैक की आशंका भी बढ़ जाती है। इसलिए दिल के मरीजों को सुबह की ठंड से बचना चाहिए। सुबह के समय टहलना दिल के मरीजों के लिए घातक साबित हो सकता है।

### शाम की ठंड से बचें सांस के मरीज

डॉक्टरों के अनुसार शाम के समय होने वाली ठंड सांस के मरीजों के लिए खतरनाक है। हवा में ठंड और नमी के कारण डस्ट बढ़ जाती है और जो सांस की नली में परेशानी बना देती है। ऐसे में शाम की ठंड से सांस के रोगियों के बचना चाहिए।

उन्होंने बताया कि खुले में सांस लेने से भी बचना चाहिए। सांस के रोगियों को मुंह पर कपड़ा लगाकर रखना चाहिए।



## डीपीएस के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपना योगदान दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कटनी जिले में होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी अहम भूमिका दी इस विज्ञान प्रदर्शनी में नील पटेल , नमन बजाज, अमोल द्विवेदी आख्या जैन, प्रथा सरावगी, कल्पना शर्मा ने हिस्सा लिया एवं बच्चो द्वारा प्रोजेक्ट मॉडल के माध्यम से आधुनिक रेल्वे स्टेशन का मॉडल बना कर अपनी प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। कलेक्टर अवि प्रसाद के द्वारा बच्चों की सोच की सराहना की और अपनी विचार भी दिए कलेक्टर ने सुझाव देते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को अपनी सोच निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही एक-दूसरे स्कूलों के छात्र-छात्राओं से मिलने पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले विचारों का आदान- प्रदान होता है। जिससे उनका हौसला बढ़ता है और छात्रों में सीखने की ललक और लगन बढ़ती है।

कलेक्टर ने छात्रों की विज्ञान के प्रति रूचि की सराहना की। स्कूल की निर्देशिका श्रीमति जूही जैन जी ने भी बच्चों की रुचि की सराहना करते हुए बच्चों की भूरी भरी प्रशंसा कि एवं अपने विचारो के माध्यम से कहा कि ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन होता रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### हवन, यज्ञ के साथ श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन

**गनियारी।** ग्राम मुरवरी में चल रही श्रीमद् भागवत का कथा हवन यज्ञ के साथ समापन किया गया। विश्वकर्मा परिवार में हो रही श्रीमद् भागवत कथा सात दिनों तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान हुआ जहां हर प्रतिदिन बड़ी से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्त लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ लिय। श्रीमद् भागवत कथा का वचन कथा वाचक पंडित तरुण कृष्ण के द्वारा किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन पहुंचे विधायक बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह मंडल अध्यक्ष और दीपू बैरागी संजय विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा सोनू गौतम गुड्डू विश्वकर्मा ऐसे और ग्रामीण जन लोग उपस्थित रहे और श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में कटनी को ओडीएफ डबल प्लस का मिला दर्जा

**कटनी।** नगर पालिक निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में कटनी को ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा मिला है। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि भारत सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय ने नगर पालिक निगम कटनी को विगत दिवस ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम की यह उपलब्धि निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन एवं कटनी के नागरिकों के साझा अथक प्रयासों से हासिल हुआ है। महापौर ने कहा कि कटनी शहर पहले से ही थ्री स्तर शहर भी घोषित हैं। ओ.डी. एफ. डबल प्लस और 3 स्टार रेटिंग के परिणाम में शहर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हमें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित कर रहा है ।

### बिल्डर के नाम से कनेक्शन जारी रखने की मांग

**कटनी।** शुभ सिटी के निवासियों ने विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री को पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि शुभ सिटी नामक कालोनी माधवनगर स्थित है जिसमें पानी टंकी कनेक्शन हेतु शुभ सिटी रख-रखाव रहवासी सहकारी संघ जिसक पंजीयन क्रमांक 118141 है उक्त समिति द्वारा आपके विभाग से पानी टंकी संचालित करने हेतु विद्युत कनेक्शन की मांग की जा रही है। उक्त संबंध समिति दिनांक 02.09.2022 को कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाए द्वारा निरस्त कर दी है। एवं 16.06.2023 को प्रशासक के तौर पर हरीनारायण प्रजापत्ति को नियुक्त किया गया है जिसके आदेश की कॉपी संलग्न है। उक्त समिति के नाम विद्युत कनेक्शन प्रदान करना कानूनन सही नहीं है। उक्त कनेक्शन शुभ बिल्डिंर के नाम से ही जारी रखने की मांग की गई है।

### शराब दुकान को मुख्य मार्ग से हटाने कलेक्टर को लिखा पत्र

**बड़वारा।** क्षेत्रीय विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने तथा अवैध रूप से बिक रही शराब के विरूद्ध कार्यवाही करने कहा है। बड़वारा ग्राम में मुख्य मार्ग में संचालित अंग्रेजी शराब व देशी शराब की दुकान आस पास संचालित होने से दुकानों के आस पास के हालात दूषित हो रहे हैं। बड़वारा ग्राम में मुख्य मार्ग में शराब की अवैध दुकानों के संचालन से लोगों के परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं इन्ही बातों को संज्ञान में लेकर बड़वारा विधान सभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पहल करते हुए जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को पत्र लिख कर बड़वारा ग्राम के मुख्य मार्ग से व क्षेत्र में ग्राम ग्राम संचालित समस्त अवैध पैकारियों को बंद करवाने व की गई कार्रवाई से अवगत करवाने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है।

## सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की हुई बैठक

# खराब परीक्षा परिणाम पर फटकार, नजर रख कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेटे सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की आयोजित बैठक में जिले में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा समीक्षा की। उन्होनें पिछले सत्र मे बाहरवीं कक्षा के खराब परीक्षा परिणाम पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार करने की नसीहत देते हुए इस साल बेहतर परीक्षा परिणाम लाने शैक्षणिक व्यवस्था में कसावट लाने के निर्देश दिए।

उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि किसानो से सीधे जुड़े इस माामले मे ढ़लिाई नहीं चलेगी। उन्होने धान खरीदी में खाद्य विभाग की लचर व्यवस्था को दुरूस्त करने की हिदायत देते हुए अधिकारियों को केन्द्रों का सतत भ्रमण और निरीक्षण करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में एक लाख 61 हजार व्यक्तियों की भागीदारी रही। इस दौरान लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया और महिलाओं, छात्रों और खिलाड़ियों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाकर जरूरतमंद लोगों की आवश्यकतानुसार जांचें भी की जा रही है। सांसद ने सिकल सेल बीमारी के संबध में जानकारी चाहे जाने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि शिविर के दौरान 2 हजार 776 लोगों की जांच की जा चुकी है एक भी मरीज पॉजिटिव नहीं मिला है।




### निर्माण कार्यो की समीक्षा

बैठक में सांसद ने जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 2551.50 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा की। उन्होने 5 करोड रूपये की लागत से मल्टीपरपज इंडोर हॉल के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की।

सांसद ने कटनी शहर के आगामी 50 सालों के दूरगामी विकास के नजरिये के मद्देनजर रिंग रोड निर्माण कार्य का प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से चर्चा करके तैयार करने की बात कही। प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के अंतर्गत बिलहरी से संगमघाट के निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य पिछले वर्षो से बंद होने की जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी देने पर सांसद नें प्रोजेक्टर मैनेजर को संबंधित निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा

कलेक्टर ने बैठक मे बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए मिशन -45 एवं मिशन -30 के तहत छात्रों की कराई जा रही तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पिछले वर्ष के खराब परीक्षा परिणामों पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि भी स्कूलों के पठन पाठन पर ध्यान दें और कोशिश करें की वे भी स्कूल जाकर बच्चों की कक्षाएं लें। इससे वहां के शैक्षणिक स्तर को भी जानने में मदद मिलेगी। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक कर्य के अलावा अन्य गतिविधियों में लिप्त शिक्षकों पर कडी नजर रखें और ऐसे शिक्षक जो लंबे समय से अनुपस्थित है उनपर भी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नरेगा

सभी पात्रों को आवास देने की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत ने बताया कि योजनांतर्गत एक लाख 4 हजार 674 ग्रामीण आवास का निर्माण कार्य पूरा कर कटनी जिला प्रदेश मे सातवे स्थान पर है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 2 लाख 67 हजार 406 पंजीकृत श्रमिकों में से 2 लाख 52 हजार 938 श्रमिकों को आधार आधारित भुगतान किया जा रहा है। योजना के तहत 99 प्रतिशत भुगतान श्रमिकों को किया जा चुका है साथ ही वर्ष 2023 - 24 में 9227 कार्य पूरे कराये जा चुके है।

### जल जीवन मिशन

नल जल योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 122 ग्रामों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 69 ग्रामों मे कार्य पूर्ण हाने के पश्चात टेस्टिंग कार्य प्रगति पर है। बैठक में कलेक्टर ने मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा जिले के 259 ग्रामों के लिए 3 महत्वपूर्ण जल प्रदाय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें करनपुरा -1 से जिले के 107 ग्रामों में और इंदवार -1 से 53 ग्रामों में तथा पवई -2 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से जिले के 159 ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता होनें की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने बैठक में बताया कि अब तक 35 हजार 459 किसानों से 3 लाख 21 हजार 995 मेट्रिक टन धान की खरीदी कर 312 करोड रूपये का भुगतान कृषकों को किया जा चुका है। बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि जिले में शासकीय मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण हेतु कछगवां में भूमि का चयन किया जा चुका है।

विधायक संदीप जायसवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में कराये गए भवन निर्माण कार्यो में सीवर एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, बरगवां ओव्हर ब्रिज के पिलरों में विज्ञापनो में रोक लगानें की बात कही । जिसपर सांसद श्री शर्मा ने निगमायुक्त को विज्ञापन के प्रदर्शन में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विधायक ने बरगवां ओव्हर ब्रिज में लगे पाईपों से बारिश के पानी के रिसाव को रोकनें हेतु पाईपलाईन की व्यवस्था करनें की बात कही। बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने सिटी बस को स्लीमनाबाद तक चलाने और बडवारा विधायक ने बड़वारा तक चलाने की बात रखी तथा बडे वाहनों के कारण प्रधानमंत्री सडक क्षतिग्रस्त हानें का मामला रखे जाने पर सांसद श्री शर्मा ने इसपर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## ड्रोन प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

# ड्रोन प्रशिक्षण से युवाओं के हौसलों को उड़ान देने की पहल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहों सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पहुंचकर यहां प्रोजेक्ट पंख के तहत ड्रोन तकनीक के द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने जिले के युवाओं को ड्रोन तकनीक में दक्ष करने और युवाओं के हौसलों को उड़ान देने की जिला प्रशासन के अभिनव नवाचार की मुक्त कंठ से सराहना की।

इस मौके पर विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पाण्डेय, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, रामरतन पायल, सुनील उपाध्याय, उद्योगपति एवं समाजसेवी अरविंद गुगलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी रही।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सांसद श्री शर्मा ने कहा कि आज के युग में ड्रोन तकनीक की ट्रांसपोर्टेशन, एग्रीकल्चर जैसे क्षेत्रों में ड्रोन की भागीदारी से क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। प्रोजेक्ट पंख के माध्यम से जिले के युवाओं के रोजगार के अवसरों में और अधिक बढोत्तरी के लिए जो भी जरूरी आवश्यकतांए होगी उन्हे पूरा किया जायेगा। सांसद ने कहा कि शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज में ड्रोन प्रशिक्षण के अलावा माईनिंग डिप्लोमा इन सर्वेयिंग के पाठ्यक्रम की शुरूआत करने की दिशा में भी प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री शर्मा ने कटनी में ड्रोन प्रशिक्षण प्राप्त कर देश की नामी ड्रोन कंपनियों में चयनित 44 कटनी के युवाओं और एक ड्रोन दीदीक कंचन दुबे से वर्चुअली संवाद किया और उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी। सांसद ने कहा कि कटनी के युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं फाईटर ड्रोन का निर्माण कर आज जो प्रदर्शन किया है वह प्रशंसनीय है। सांसद ने स्वयं कटनी के युवाओं द्वारा निर्मित ड्रोन को उडाकर देखा। सांसद ने ड्रोन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों द्वारा निर्मित डिलीवरी ड्रोन व सर्विलांस ड्रोन का अवलोकन किया। सांसद ने उच्च गुणवत्ता युक्त अत्याधुनिक सेंटर आफ एक्सिलेंस लैब में पहुचकर ड्रोन सिम्यूलेटर की कार्यप्रणाली को समझा। सांसद ने यहां स्वयं सिम्यूलेटर में ड्रोन उडाकर देखा। सांसद श्री शर्मा ने स्वयं प्रशिक्षणार्थियों से ड्रोन उपकरण के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। सांसद ने यहां शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज में अध्ययनरत और प्रोजेक्ट पंख के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तीन प्रशिक्षुओं को लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किया। इन बच्चों में अंजली पटेल, संस्कार सक्सेना और सूर्यकांत तिवरी शामिल है।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



जिले के ब्लॉक बड़वारा के सभी जन सेवा मित्रों ने विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ब्लॉक समन्वयक विकास यादव के नेतृत्व में सभी जन सेवा मित्रों ने सेवा वृद्धि और स्थाई करण की मांग उठाई। जिस पर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी जन सेवा मित्रों को ठोस आश्वासन दिया कि वह उनकी बात विधानसभा में रखेंगे। उल्लेखनीय है कि कटनी जिले में 150 जन सेवा मित्र कार्यरत हैं, जो सरकार की छोटी-बड़ी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हैं और मध्यप्रदेश विकास की ओर ले जाने में निरंतर कार्य कर रहे हैं। लाडली बहना योजना के पंजीयन में जन सेवा मित्रों ने भूमिका निभाई है। इसके अलावा लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। इसी क्रम में विभिन्न अभियान व सर्वे किए गए। जैसे यूथ फॉर डेमोक्रेसी अभियान, महिला चौपाल, वित्तीय साक्षरता, सर्वे मतदाता जागरूकता, अभियान 80 प्लस व्यक्तियों का सर्वे, आहार अनुदान योजना के तहत 3 दिवसीय कार्य, जन आशीर्वाद यात्रा, भारत विकसित संकल्प यात्रा इत्यादि।

# ग्राम कारोपानी में शुरु हुआ 7 दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जिले के विकासखण्ड ढीमरखेडा एवं बड़वारा के 11 ग्रामों के बैगा हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित योजनओं का लाभ पहुंचानें हेतु विगत 6 जनवरी से आगामी 12 जनवरी 2024 तक 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत सोमवार को कटनी जिले विकासखण्ड ढीमरखेडा स्थित ग्राम कारोपानी में बैगा जनजातीय परिवार के लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु फारेस्ट रेस्ट हाउस कारोपानी में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर के दौरान बैगा समुदाय के लोगों को लाभान्वित किए जाने के लिए विभागीय स्टॉल लगाए जाकर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समुदाय के लोगों को आधारभूत सुविधाओं के साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, सड़क, दूरसंचार और आजीविका के साधनों तक पहुंच सुगम बनाना है।

### मझगवां एवं छीतापाल मे शिविर आज

जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग पूजा द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत बैगा समुदाय के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु मंगलवार 9 जनवरी को ग्राम मझगवां एवं ग्राम छीतापाल हेतु आंगनबाडी भवन मझगवां मे शिविर का आयोजन किया गया।

## आशा कार्यकर्ताओं ने कहा बाध्य करना न्यायसंगत नही

# आयुष्मान कार्ड बनाने बनाया जा रहा दबाव, आशाओं ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

आयुष्मान कार्ड बनाने आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है। इसके कारण आशाओं के निर्धारित कार्य संपादित नहीं हो पाने के कारण समुदाय को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और उनकी प्रोत्साहन राशि पर असर पड़ रहा है। इस संबंध में ढीमरखेडा विकासखंड की आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम प्रेषित ज्ञापन पत्र बीएमओ डा. बीके प्रसाद को सौंपा। जिसमें समस्या समाधान की मांग की गई है।

आशा कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कंप्यूटर ऑपरेटर या तकनीकी कौशल से संबंधित विभाग का है। वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सभी आशाओं के पास एंड्रॉयड फोन नहीं है और विभाग द्वारा भी डाटा के लिए कोई राशि प्रदान नहीं की जाती है। तकनीक का अच्छा ज्ञान रखने वाले ऑपरेटर एवं अन्य कर्मचारी भी इस एप पर कार्य करने में कठिनाई महसूस कर रहे है। ऐसे में आशाओं को इस कार्य को करने के लिए बाध्य करना न्यायसंगत नहीं है।



आशा को स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में ग्राम में 24 घंटे सेवाएं देनी होती हैं । ऐसे में मरीज या गर्भवती महिलाओं की जाँच के लिए उनके साथ कई बार स्थास्थ्य संस्थानों तक जाना होता है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत इस समय नसबंदी शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसके लिए लक्ष्य दंपत्ति को प्रोत्साहित करने, नसबंदी कराने के लिए सभी आवश्यक जांचों के लिए उनके साथ स्वास्थ्य संस्था पर जाने और उसके बाद लगातार उनकी देखरेख करने का कार्य आशा करती है। इस कार्य के बदले उन्हें प्रोत्साहन का भुगतान किया जाता है। और आयुष्मान कार्ड में संलग्न होने के कारण यह सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिसकी वजह से आशा कार्यकर्ता का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के चलते आयुष्मान कार्ड बनाने वाला ऐप पूरा-पूरा दिन तक भी कार्य नहीं करता है और बार-बार आशा को उस हितग्राही के घर जाना पड़ता है। आशा के भुगतान पत्रक पर अंकित सभी 68 बिंदुओं पर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य संपादित किया जाता है और पर्यवेक्षक द्वारा आशा के सभी 68 कार्यों में सहयोग, निगरानी, प्रशिक्षण एवं पर्यवेक्षण प्रदान किया जाता है।

## ग्राम पंचायत पडुआ की विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे सांसद भी

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना यात्रा का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्र शासन की योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा की श्रंखला में सोमवार को खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मुख्यातिथ्य में पडुआ ग्राम मे हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तेलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया।

पडुआ में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सभी को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने मे सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पडुआ में आयोजित किये गये शिविर को संबोधित करते हुये सांसद शर्मा ने केंद्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक इन योजनाओं का लाभ पहुँचे



इसी मकसद से ये विकसित भारत संकल्प यात्रा कटनी जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगाये जा रहे हैं। इस प्रकार की यात्रा पहले कभी नहीं निकाली गई। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। केन्द्र और राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही है। उन्होंने नागरिकों से इन शिविरों में शामिल होने तथा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। सांसद ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्धेश्य उनके पास तक पहुंचना है जो अब तक योजनाओं का लाभ पाने से वंचित है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना और आयुष्मान कार्ड सहित प्रधानसमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री लखपति दीदी योजना पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

विधायक संदीप जायसवाल ने कहा इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस यात्रा में चलाई जा रही गाड़ी हर ग्राम तक पहुंच रही हैं और जो पात्र परिवार किसी कारणों से वंचित रह गए हैं, वह विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचकर योजनाओं का लाभ ले सकेगें। विधायक जायसवाल ने आमजन से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया। साथ ही अधिकारियों से शिविर में आए आवेदनों का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिये।

सांसद ने यहां पडुआ में लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया। शिविर में प्रचार रथ के माध्यम से लघु फिल्म प्रदर्शित कर नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से नागरिकों को अवगत भी कराया गया। शिविरों में नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही राम किशोर आदिवासी ने मेरी कहानी -मेरी जुबानी सुनाई विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 8 जनवरी को जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की की ग्राम पंचायत पनसोखर व परसेल, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत तमुरिया व ककरेहटा, जनपद पंचायत ढीमरखेडा की ग्राम पंचायत कछारगांव व छोटा, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पडुआ ग्राम पंचायत मोहास पहुंची।

# नागौद को 5 विकेट से हरा नागपुर फायनल में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

अंधेलीबाग ग्राउंड उमरियापान में खेली जा रही 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में सोमवार को नागौद और नागपुर टीम के बीच अंतिम सेमीफाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नागपुर ने 5 विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर फायनल में जगह सुरक्षित कर ली। नागौद ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में 175 रनों का स्कोर खडा किया। नागौद की ओर से बल्लेबाज मयूर ने 99 रन, अम्बिकेश ने 43 रन बनाए। जवाबी पारी में नागपुर टीम ने 19वें ओवर में लक्ष्य पार कर लिया। नागपुर की ओर से बल्लेबाज संगीत ने 69 रन, वैभव ने 37 रन, बालकृष्ण ने 27 रन व अहान ने 18 रन बनाए। इस दौरान बडी संख्या में उमरियापान व आसपास गाँवो के खेल प्रेमियों की मौजूदगी रही। मैच में नागपुर टीम के खिलाडी संगीत को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच अटल ब्यौहार, मोहनलाल चौरसिया, गोविंद प्रताप सिंह, राजा चौरसिया, कमलेश चौरसिया, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, संदीप चौरसिया, नीतेश चौरसिया, हनी चौरसिया उपस्थित रहे।

### फायनल मुकाबला कल

स्पर्धा का फायनल मुकाबला कल 10 जनवरी को डब्लूसीआर जबलपुर और नागपुर टीम के बीच खेला जाएगा। मैच उपरांत विजेता, उपविजेता टीम सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। समारोह में शहडोल सांसद श्रीमति हिमाद्री सिंह, बडवारा विधायक धीरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पदमेश गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित रहेगें।

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल से सम्मानित किये गये खिलाड़ी



**पन्ना।** 10वीं स्टेट एज्युकेशन डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स 2024 में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 100मीटर में श्री विपिन अग्रवाल ने सिल्वर, लंबी कूद में धन प्रसाद शर्मा ने सिल्वर,गोला फेंक में श्री रामानन्द सिंह ने सिल्वर तथा श्री टेकबहादुर सिंह ने क्रमशः गोला में कांस्य तथा भाला में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

### थाना शाहनगर अंतर्गत ग्राम सुडौर में मिली लाश की हुई शिनाख्त



**पन्ना।** जिले के थाना शाहनगर अंतर्गत ग्राम सुडौर में सबसे पहले अज्ञात लाश के रूप में मामला सामने आया था वहीं पुलिस ने अपनी कार्यवाही को अंजाम में देते हुये उक्त लाश की सिनाख्त की कार्यवाही करवाने का कार्य किया। जिसमें उक्त व्यक्ति की लाश हरसित पिता आनन्द राजपूत उम्र लगभग 20-22 वर्ष निवासी इटौर मझगवां थाना अमानगंज के रूप में पहचान की गई है। वहीं थाना शाहनगर में थाना प्रभारी के बताये अनुसार उक्त मामले में मर्ग कायम करते हुये मामले को विवेचना में लिया गया है। यह तो पुलिस की पड़ताल के बाद ही ज्ञात हो सकेगा उक्त व्यक्ति की मौत कैसे और किन कारणों से हुई यह तो पुलिस की विवेचना के बाद ही सामने आयेगा।

### गुनौर में अज्ञात पुरुष की अधजली लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप



**पन्ना।** अज्ञात पुरुष की अधजली लाश मिलने से गुनौर क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। ऐफ.ऐस.ऐल. टीम और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है। बताया जाता है कि गुनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनौर बायपास मार्ग के सामने, फॉरेस्ट प्लांटेशन के अंदर की घटना है। बताया जाता है कि आज दोपहर करीब 2रू30 बजे के आसपास लोगों ने थाना प्रभारी गुनौर को सूचना दी की बालाजी सरकार मंदिर की ओर जाने वाली सड़क की बांई और वन विभाग की फॉरेस्ट प्लांटेशन के पास है अधजली लाश पड़ी हुई है जिस पर तुरंत थाना प्रभारी मौके पर दल-बल सहित पहुंचे एवं अन्य जांच दल वहां पहुंचा एवं जहां जांच शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने कई लोगों से उसकी शिनाख्त की मगर अभी तक किसी प्रकार के सूत्र घटना से संबंधित प्राप्त नहीं हुए हैं जिससे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। पुलिस का कहना है की जांच उपरांत इस संबंध की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### टीएल बैठक संपन्न

**पन्ना।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई।
जनसुनवाई पत्रों और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में लंबित विभागवार शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय सीमा में लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी कार्यालय प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों का निराकरण कर संतुष्टिपूर्वक जवाब दर्ज करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालय प्रमुख उत्तरा पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ शत प्रतिशत निराकरण दर्ज कराएं। आगामी दिनों में नवीन पोर्टल जन आकांक्षा में आवेदन दर्ज किए जाएंगे। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा से बाहर के आवेदनों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा मंगलवार को दिशा बैठक की तैयारी और योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा भी की गई।

### प्रतिदिन बन रहे जाम के हालात

# बैंक के सामने पार्किंग जोन नहीं होने से सड़कों पर खड़े हो रहे वाहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप एवं चरमराई हुई है नगर की मुख्य मंदिर मस्जिद चौराहा क्षेत्र से लेकर राय चौराहा बस स्टैंड बड़ा बाजार एवं अन्य मुख्य मार्गों पर रोजाना जाम की स्थिति निर्मित हो रही है सबसे ज्यादा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा के बीच संचालित सेंट्रल बैंक के सामने पार्किंग जोन नहीं होने से रोड के दोनों तरफ बैंक के ग्राहक जहां मन चाहा वहीं खड़ा कर देते हैं जिससे जाम की स्थिति दिन में कई बार बनती है। लेकिन जिम्मेदारों की यह दिखाई नहीं देता है यही नहीं जहां मर्जी ए वही दोपहिया वह चार पहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं सड़कों के किनारे ही नहीं बल्कि सड़क के बीचों बीच हाथ ठेले खड़ा कर सामान बेचा जा रहा है ऐसे में पैदल चलने वाली राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या का समाधान निकाले जाने को लेकर जनप्रतिनिधि व अधिकारी मूक दर्शक की भूमिका निभा रहे हैं।

#### दोपहिया वाहनों के लिए नहीं पार्किंग

स्थानीय बैंक प्रबंधन अपने बैंक के आसपास व प्रशासन के द्वारा दो पहिया वाहनों को पार्किंग के लिए जगह निर्धारित कर दी जाती है तो भी समस्या का कुछ हद तक पूर्ण हो सकता है। दो पहिया वाहन चालक कहीं भी अपने बहन को पार कर देते हैं जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है सबसे अधिक यातायात की अव्यवस्था दो पहिया वाहनों से ही होती है चार पहिया वाहन तो कम संख्या में सड़कों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े दिखाई देते हैं। अधिकारी भी एक दूसरे पर डालकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं हालत दिन व दिन बिगड़ रहे हैं। सड़कों पर पल-पल में जाम के हालत बन रहे हैं, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नाथन नगर परिषद पुलिस ना ही प्रशासन आम नागरिकों की समस्या हल करने के लिए पहल करती है और न ही बैंक प्रबंधन के कर्मचारी अपने ग्राहकों को सही तरीके से उनकी मोटरसाइकिल खड़े करने की हिदायत देते हैं जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति एक्सीडेंट एवं अन्य परेशानी झेलने को जनमानस मजबूर है।

## भारत संकल्प यात्रा पहुंची जबेरा ग्राम पंचायत बीजाडोगरी गूढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत बीजाडोगरी ग्राम पंचायत गूढ़ा पहुंची। यात्रा के माध्यम से शासन की योजनाओं और विकास कार्यों सहित उपलब्धियों की जानकारी, जन-जन तक पहुंचाई गई। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर हितग्राहियों को मौके पर योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाव सिंह मासाब मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह की उपस्तिथि में पुष्पेन्द्र पटेल ए पी ओ मनरेगा धमेंद्र रजक बी सी भरत नेमा उपयंत्री नीतेश असाटी ने शपथ दिलाई।विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए भाव सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर गांव-गांव पहुंच रही है। सरकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने लोगों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम सरपंच श्रीमति गेदा बाई उपयंत्री नीतेश असाटी मुकेश खरे आर आई पटवारी विपुल श्रीवास्तव डिप्टी नेकनाराण खरे अशोक कुमार अहिरवार डी पी नापित है अन्नपूर्ण दुवे महिला वाल विकास श्रीमति सुनीता अहिरवार स्वास्थ्य विभाग दिनेश कुमार तिवारी पशु विभाग श्रीमति अलका राजौरिया श्रीमति मथुरा बाई शिक्षा विभाग से रतन सिंह सचिव अर्जुन सिंह रोजगार सहायक,धमेंद्र सिंह लोधी महाराज सिंह भूपत सिंह राजकुमार सिंह बिहारी सिंह विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्तिथि रही।

## घर में बड़े बूढ़े-बुजुर्ग परिवार का होते हैं स्तंभ उन्हें न भेजें वृद्ध आश्रमः पुष्कर दत्त शर्माजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



वक्त के मौजूदा समरथ संत सतगुरु उज्जैन वाले बाबा उमाकांत जी महाराज के आदेश से मध्य प्रदेश प्रांत के पूर्वी जोन के विभिन्न जिलों में दौरे के लिए राष्ट्रीय संदेशवाहक आदरणीय पुष्कर दत्त शर्मा जी का आगमन हुआ है। दमोह जिले के ग्राम घूघस में 7 जनवरी तथा बांदकपुर के रूद्र मैदान में 8 जनवरी को विशाल सत्संग व भंडारा कार्यक्रम रखा गया। आदरणीय शर्मा जी द्वारा गुरु महाराज के वक्त के संदेश को दमोह जिले की संगत तक पहुंचा और आगे आ रहे वक्त में जो घटनाएं घटित होने वाली है उनसे वाकिफ कराया और बचने का उपाय भी बताया। बड़े बूढ़े बुजुर्ग घर परिवार में एक स्तंभ की तरह होते हैं उनका सम्मान करें और अच्छे से उनकी देखभाल करें बच्चे- बच्चियों को शाकाहारी, सदाचारी, नशा मुक्ति व चरित्रवान बनने के लिए बात कही तभी परिवार, समाज, देश, दुनिया का भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास हो सकेगा। देवी देवताओं परमात्मा सच्चे मालिक के दर्शन दीदार कराने वाले मौजूदा सतगुरु का परिचय देते हुए उनकी महिमा का वर्णन किया, और जय गुरुदेव नाम व नाम ध्वनि के महत्व को बताते हुए कहा यह सच्चे प्रभु परमात्मा का नाम है और किसी भी दुख तकलीफ बीमारी परेशानी में मददगार है।

साथ ही साथ दमोह जिले की संगत को बताया कि साप्ताहिक सत्संग अधिक से अधिक जगह शुरू कर दिए जाएं, और कहा कि आगे आने वाले वक्त में जब कोई देवी देवता और फरिश्ते मददगार नहीं होंगे तब इन साप्ताहिक सत्संग केंद्रों में लोग आएंगे और शांति का अनुभव करेंगे। कार्यक्रम में प्रांतीय जिम्मेदार आदरणीय देवी सींग पूर्वी जोन जिम्मेदार आदरणीय महिपाल सिंह,जिले के जिम्मेदार इमरत सिंह, तख़त सिंह, मनोज यादव निरन सिंह राम सिंह गिरिजा प्रसाद चौबे तेज सिंह कल्लू सिंह विजय चौधरी, यशवंत सिंह शिव प्रसाद विश्वकर्मा सहित आसपास के क्षेत्र के 400 से अधिक सत्संगी प्रेमी उपस्थित रहे कार्यक्रम के उपरांत सभी ने भोजन भंडारा प्रसाद ग्रहण कर लाभ लिया।

## इको क्लब के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय महाविद्यालय पथरिया में दिनांक 08.01.2024 को ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2023-24 पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार अभियान का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ0 संध्या पिम्पलापुरे के मार्गदर्शन में "मेक पथरिया क्लीन एण्ड ग्रीन" विषय पर अभियान आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय परिवार के सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और पथरिया को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई फिर महाविद्यालय से संजय चैराहा तक रैली निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शहर में स्वच्छता संबंधी पैम्पलेट बॉटे और दीवारो पर चिपकायें, साथ ही साथ वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और एक घर और एक पेड़, संतुलन का यही है खेल का नारा लगाया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.विनय कुमार वर्मा, ईको क्लब प्रभारी डॉ.संध्या शर्मा, एनसीसी प्रभारी डॉ.ममता वर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, डॉ. रश्मि जैन, नशा मुक्ति कार्यक्रम प्रभारी डॉ. जगदीश प्रसाद अहिरवार, डॉ प्रशान्त सोनी, डॉ. प्रकाश कुशवाहा, श्री विवेक सोलंकी, डॉ. बलवीर सिंह ठाकुर, डॉ0 देवेन्द्र सिंह ठाकुर और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर डॉ0 संध्या शर्मा द्वारा महाविद्यालय परिवार के समस्त अधिकारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों को बधाई ज्ञापित की गई।

## ध्रुव और विदुर चरित्र का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता



**बनवार।** ग्राम भजिया मैं आयोजित सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में ध्रुव और महात्मा विदुर के चरित्र का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा प्रवक्ता बालक दास जी महाराज ने कहा अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकते हैं। तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते हैं। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्री कृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्णा विदुर जी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकार किया। इससे पहले भी दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तू प्रेम की भूखे होते हैं और विदुर विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके को भी प्रेम से खा लिया। इस दौरान कथा वाचन ने पुराण के स्कंध 19 में अध्याय में सुखदेव जी ईश्वर भक्ति का महात्मय भगवान के विविध अवतारों का वर्णन देव ऋषि नारद की पूर्व जन्मों का चित्रण राजा परीक्षित के जन्म कर्म और मोक्ष की कथा अश्वत्थामा का निंदनीय कृत्य और उसकी पराजय भीष्म पितामह का प्राण त्याग धृतराष्ट्र गांधारी तथा कुंती की टंगमन एवं पांडवों का स्वर्ग आरोहण के लिए हिमालय जाना आदि घटनाओं का काम बार कथानक के रूप में वर्णन किया। इस दौरान मनदीप यादव, संतोष अवस्थी, हिमांशु तिवारी, शुभम चौरसिया, लकी यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर भागवत मैया का पूजन कथा का श्रवण किया।

# आश्रम के बच्चों को बांटे गर्म कपड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सामान्यतः लोग अपने जन्मदिन को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए बड़े होटलों या पर्यटक स्थल पर जाते हैं लेकिन चंडी वार्ड निवासी संजय राय ने अपने जन्मदिन पर हटकर नगर में संचालित होने वाले एकलव्य वनवासी आश्रम के बच्चों के बीच जाकर खुशियां मनाई उन्होंने बच्चों से उनके हाल-चाल पूछे और ठंड में आवश्यकता को देखते हुए सभी बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान किये एवं आगामी समय में पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री की जरूरत पड़ने पर याद दिलाने की बात कही। यहां बता दें कि पिछले कई वर्षों से रामगोपाल मंदिर में संचालित आश्रम में वनांचल के कुछ बच्चों को पढ़ाया जाता है एवं उनके संचालन की जरूरत को दान से पूरा किया जाता है। इस मौके पर सोनू चौरसिया एवं सज्जाद खान की उपस्थिति रही।

### तीनों विधानसभाओं में संकल्प यात्रा में शामिल हो रहे विधायक, क्षेत्र की जनता कर रही स्वागत, विधायक कर रहे आभार व्यक्त

पन्ना। पीएम मोदी की गारंटी की गाड़ी संकल्प यात्रा को लेकर जहां अलग ही पंचायत स्तर तक पहुंच रही है वहीं तीनों विधानसभाओं में संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में विधायकों की भागीदारी भी अपने-अपने क्षेत्र में बखूबी हो रही है वहीं आम जनता अपने क्षेत्रीय विधायक को लेर उत्साह के साथ कहीं तुलादान तो कहीं कलश रखकर इंतजार करती नजर आ रही है। संस्कृति के अनुसार अपने जनप्रतिनिधियों का स्वागत जिले में तीनों विधानसभाओं में बखूबी जनता के द्वारा किया जा रहा है वहीं विधायक भी अपनी जनता का आभार व्यक्त कर रहे है।

## महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों से भावी भविष्य की ओर महिलाओं की तय होगी भूमिका

पन्ना।

10 जनवरी से 15 जनवरी तक जिले में महिला आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण की दिशा को लेकर कई कार्यक्रमों को आयोजित किये जाने को लेकर माना जा रहा है महिला सशक्तिकरण की दिशा से ही समाज की मजबूती को लेकर दिशा तय करने के लिये प्रमुख माना जा रहा है महिलाओं की जागरूकता व सशक्तिकरण से परिवार सशक्त होता है परिवार से गांव व समाज के सशक्त होने की राह तय होती है। शिक्षा के क्षेत्र में हो या कि अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के द्वारा वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में समाज को आगे सशक्त बनाने के लिये महिलाओं की आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण को निश्चित ही आवश्यक माना जा रहा है वहीं महिलाओं की आत्मनिर्भर होने से जहां परिवार के विकास में उनकी महति भूमिका साबित होती है जिससे परिवार का विकास भी जाना जाता है वहीं परिवार से गांव व समाज की दिशा तय होती है विकास को लेकर यहां जिला प्रशासन के द्वारा 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण आधारित विभिन्न आयोजन कार्यक्रम के रूप में अंजाम दिये जाने को लेकर दिशा तय की जा रही है।

### ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 09 जनवरी को दमोह विकासखण्ड के आंवरी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत आंवरी में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत आमखेड़ा में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के बटियागढ़ सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरिया असली में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत बसिया में दोपहर 02 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के बेलखेड़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसाकलॉ में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत इमलिया घोना में दोपहर 02 बजे से, हटा विकासखण्ड के देवरा जामशा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा जामशा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत तेवरईया में दोपहर 02:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के धनगुंवा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगुंवा में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत मझगुंवा हंसराज में दोपहर 01:30 बजे से तथा तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के झलौन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत बॉसी में प्रातः 10 एवं ग्राम पंचायत सर्रा में अपरान्ह 03 बजे से तथा जबेरा विकासखण्ड के हरदुआ सड़क सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडारी में प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत खमरिया मौजीलाल में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

# मोहन्द्रा व रानीपुर पड़रिया के मध्य वृक्षों की लगातार कटाई के लिए जिम्मेदार कौन



### वृक्ष लगाना तो दूर प्राण वायु देने वाले वृक्षों को ही काटकर क्या संदेश देना चाहते है लोग

पन्ना।

कहने को तो अपने जीवन को सुरक्षित करने के लिये लोग स्वयं प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को लगाने के लिये वृक्षारोपण को अंजाम देते है पर वृक्ष लगाना तो दूर वृक्ष काटना कहां तक लाजमी समरिया तहसील अंतर्गत आने वाले मोहंद्रा ग्राम एवं रानीपुर और पड़रिया के मध्य लगातार हो रहे अवैध वृक्षों की कटाई पर शासन प्रशासन किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दे रही शासन प्रशासन हाथ में हाथ रखे हुए आराम से चैन की नींद सो रही है पर्यावरण के लिए वृक्षों का कितना महत्व है कोरोना कॉल में ऑक्सीजन की कमी से कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी वृक्षों से ही ऑक्सीजन मिलती है वृक्षों में भी जान होती है बात करेंगे सिमरिया तहसीलदार से प्रशासनिक अधिकारियों से की आखिर यह अवैध कटाई वृक्षों की क्यों हो रही है और इसमें कार्यवाही कब तक होगी।

## खबर संक्षेप

### नोडल अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए, निर्वाचन व्यय निगरानी हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने अपर कलेक्टर मीना मसराम को नोडल अधिकारी एवं सहायक पेंशन अधिकारी सौरभ सेलट को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए कमेटी गठित

**दमोह।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में पूर्व वर्षों के भांति इस वर्ष भी 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को आयोजित किया जायेगा। जिले में महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों की एक-निबंध प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कमेटी का गठन किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य डॉ.के.पी. अहिरवार को कमेटी का सहायक संयोजक तथा जिला संगठक रोसयों पी.जी. कॉलेज कमल चौरसिया, शासकीय पी.जी. कॉलेज के प्राध्यापक इन्द्रा जैन, शासकीय पी.जी. कॉलेज के प्राध्यापक हरिओम दुबे, कमला नेहरू कॉलेज के प्राध्यापक एन.पी. नायक, शासकीय कन्या नेहरू महिला महाविद्यालय के प्राध्यापक अवधेश जैन एवं शासकीय पी.जी. कॉलेज के सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र चौधरी को सदस्य नियुक्त किया है। उन्होंने निर्देशित किया है गठित समिति निर्देशानुसार 15 जनवरी 2024 तक कार्यवाही कर समय सीमा में जानकारी आयोग को प्रेषित करेंगे।

### सीमा में आने वाले दुकानदारों को भी नोटिस, निजी भूमि को हड़पने की तैयारी में विभाग

# वृद्ध आदिवासी की भूमि पर क्वार्टर व बाऊंड्रीवाल बना रहा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 19 खसरा नंबर 350 पर भूमि स्वामी रामचरण पिता रामदयाल गौड़ ग्राम झलौन की पैतृक भूमि रकवा 0.29 हेक्टर है जो झलौन बस स्टैंड चौराहे पर जबलपुर एवं दमोह सड़क मार्ग से लगी हुई है। भूमि स्वामी की सहमति से जबलपुर सड़क मार्ग की तरफ ग्राम के कुछ लोगों ने अस्थाई टपरे बनाकर चाय-पान नाश्ता सेलून मनहारीआदि दुकानों का संचालन कर रोजी-रोटी चलाने लगे। कुछ वर्षों पूर्व वन विभाग के द्वारा पीछे के अंश भाग में एक चौकी बंगला बना लिया था जिस पर भूमि स्वामी के पिता स्वर्गीय रामदयाल गौड़ के द्वारा मना करने पर वन विभाग द्वारा हटा लेने की बात कही गई थी। लेकिन वन विभाग द्वारा चौकी निर्माण तो नहीं हटाया। अन्य क्वार्टरों का निर्माण करते रहे। वृद्ध एवं बेसहारा रोगों से पीड़ित जिसका एक पुत्र एवं पुत्रवधू वह भी 80% विकलांग है। भूमि स्वामी गरीब रामचरण गौड़ अपनी भूमि का सीमांकन कराने हेतु पटवारी तहसील कार्यालय लोक सेवा केंद्र तेंदूखेड़ा के अनेक बार चक्कर लगा लगा कर परेशान हो गया। अभी गत माह दिनाक 11 दिसंबर 2023 को अपनी जमीन का सीमांकन कराने लोक सेवा केंद्र तहसील तेंदूखेड़ा मैं पुनः आवेदन लगाया है।

### वन विभाग द्वारा दुकानदारों को दे दिए

नोटिस दिनांक 20 /12 /2023 को गेम परिक्षेत्र अधिकारी झापन द्वारा मुकेश पिता अशोक जैन, अशोक पिता रामदयाल जैन, अशोक पिता प्रकाश जैन, बद्री सेन, रामजी जोगी, सहित 12 दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिए गए। जिसमें लेख है कि पुराना रेंज कैंपस झलौन मैं लाइन क्वार्टर का निर्माण कार्य किया गया है जिसके चारों ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाना है उक्त क्षेत्र वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में आता है। जहां से बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाना है। उक्त क्षेत्र में आप लोगों की दुकानें संचालित हैं। उक्त टाइगर रिजर्व क्षेत्र में खुली दुकानों को हटाने हेतु वनमंडल अधिकारी नौरादेही अभ्यारण वन मंडल सागर द्वारा दूरभाष पर संदेश द्वारा निर्देशित किया गया है। अतः आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप सभी तीन दिवस के अंदर उक्त टाइगर रिज़र्व क्षेत्र में खुली दुकानों को हटा लें यदि समय अवधि बीत जाने के पश्चात आप लोगों द्वारा दुकान नहीं हटाई गई तो पुलिस/वन स्टॉप के सहयोग से आप लोगों की दुकानें हटा दी जावेगी जिसके लिए आप लोग स्वयं व्यक्तिगत रूप से जवाबदार रहेंगे। रोजी रोटी से चिंतित उक्त सभी दुकानदार ग्राम पंचायत कार्यालय झलोन में पहुंच कर सरपंच प्रतिनिधि चक्रेश जैन एवं भूमि स्वामी रामचरण आदिवासी एवं पंच अशोक जैन से नोटिस प्राप्त होने के संबंध में सभी दुकानदारों ने अवगत कराया। सरपंच प्रतिनिधि द्वारा प्राप्त सुझाव के अनुसार गेम परिक्षेत्र अधिकारी झापन को सभी नोटिस प्राप्तकर्तागण ने 23/12/2023 को नोटिस के जवाब में लेख दिया कि पुराने रेंज का कोई कैंपस झलौन में नहीं है। हम लोग जिस भूमि एवं उसके सामने दुकानें रखे हुए हैं वह भूमि किसी प्रकार से वन विभाग अथवा अभ्यारण क्षेत्र की स्वत्य व आधिपत्य की भूमि नहीं है वह भूमि ग्राम झलौन के खसरा नंबर 350 रकवा 0.29 हेक्टर की भूमि है जिसे वर्तमान मालिक व काबिज रामचरण पिता रामदयाल आदिवासी निवासी ग्राम झलौन हैं।

जिसके पीछे तरफ अंश भाग पर विभाग स्वयं अतिक्रमण कर भवनों का निर्माण किए हुए हैं एवं वर्तमान में पीछे अंशभाग की भूमि पर लाइन क्वार्टर हेतु अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। उक्त खसरा नंबर के सामने तेंदूखेड़ा रोड एवं पुरा बैरागढ़ रोड पर भूस्वामी रामचरण आदिवासी की भूमि है। हम सभी दुकानदारों द्वारा अपनी अपनी दुकानों का संचालन रामचरण पिता रामदयाल आदिवासी जो कि उस भूमि का भूमि स्वामी हैं की सहमति से दुकान निर्माण कर उसमें दुकानदारी कर उससे होने वाली आय से अपने-अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

उल्लेखनीय है दिनांक 11 /12 /2023 को भूमि स्वामी रामचरण आदिवासी के द्वारा अपनी भूमि का सीमांकन कराने के लिए लोक सेवा केंद्र तहसील तेंदूखेड़ा में आवेदन पत्र जमा किया गया था लेकिन तहसील कार्यालय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर दिनांक 25 /12/ 2023 को भूमि स्वामी रामचरण आदिवासी द्वारा सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसका शिकायत क्रमांक 2541 9109 है फिर भी आज दिनांक तक तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा द्वारा भूमि सीमांकन हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। दिनांक 25/ 12/ 2023 को पुलिस थाना प्रभारी तेजगढ़ को एक लिखित आवेदन आवेदक रामचरण आदिवासी ग्राम झलौन ने देकर अवगत कराया है कि वन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मेरी भूमि खसरा नंबर 350 रकवा 0.29 पर जबरजस्ती क्वार्टरों का निर्माण व बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है। और मेरे द्वारा निर्माण कार्य रोकने की कहे जाने पर यह कहा जा रहा है कि यह शासकीय निर्माण कार्य है। इसमें बाधा डालने की कोशिश की तो पुलिस बुलाकर जेल भेज दिया जायेगा।

# 80+ वाले पेंशनर्स का हुआ सम्मान

### पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घायु होने की कामना की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज के तत्वाधान में आयोजित पेंशनर्स सम्मान समारोह पूर्व वित्तमंत्री जंयत मलैया के मुख्य आतिथ्य एवं प्रान्ताध्यक्ष डी.पी. दुबे की अध्यक्षता में स्थानीय मानस भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ठाकुर उमराव सिंह भावसिंह ठाकुर, नरेन्द्र दुबे, नारायण सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात पेशनर्स समाज के अध्यक्ष आर के मिश्रा, एम एल सरैया, पीएन अहिरवार ने अतिथियों का स्वागत किया। सेवानिवृत कर्मचारियों में 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हीरालाल मिश्र ,जेपी उपाध्याय,धनीराम तिवारी,एन बी खरे, नेमी चन्द्र बडकुल, रवि शंकर दीक्षित एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों में विशुम्भर प्रसाद गुप्ता ,आर आर खुशहाल ,एन पी शुक्ला , सूरजबाई जैन, लक्ष्मीशंकर पटैरया, मालती उपाध्याय ,रामचरण मुडा नजीर खान, निर्मला तिवारी, अब्दुल रहमान खान, श्रीमति एबीराम, श्रीमति सरस्वती दुबे सहित 45 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान अतिथियों ने शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत मलैया ने कहा कि सभी लोग मेरे पूर्व परिचित के है, आप सबसे मिलकर प्रसन्नता हुई, आपका स्नेह और आशीर्वाद मिला, समय-समय पर आपसे चर्चा होती रहती है। उन्होंने सभी के दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डीपी दुबे प्रांत अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त कर्मचारियो के सम्बन्ध मे शासन प्रशासन की बात रखी साथ ही उन्हे शीघ्र हल करने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे ने कहा की ये सब हमारी पूंजी है, इन्हे सहेजकर रखे। वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर ने भी अपना वक्तव्य दिया। ठाकुर उमराव सिंह ने ओजस्वी अंदाज मे पेंशनर्स समाज की बात रखी। श्री भाव सिंह ठाकुर ने अपने पुराने संस्मरण पर चर्चा करते हुए मेल मिलाप की बात कही। अध्यक्ष श्री मिश्रा, एमएल सरैया ने अतिथियो का शाल स्मृति चिन्ह से सम्मान किया साथ की सहयोग करने वालो का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटैल, प्रभारी डा. बृजेश कुलपारिया के साथ अन्य डाक्टर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विपिन चोबे ने एवं आभार कार्यकारी अध्यक्ष एमएल सरैया ने किया किया।

इस अवसर पर स्वामी अशोक तिवारी, कमल सिंघई, प्रताप रोहित, महमूद सिद्धिकी, डा. मोहन आदर्श ,सत्यनारायण तिवारी, महेन्द्र जैन, प्रवेन्द्र जैन ,नन्हेभाई पटैल ,पारस जैन, उमेश तिवारी, केसीजैन, राकेश जैन, पीएन अहिरवाल, सुरेन्द्र चोबे रमेश तिवारी, कनिष्क साहू, लक्ष्मी शुक्ला, रामचरण राय ,आरपी कुर्मी सहित अनेक कर्मचारी पदाधिकारी सम्मानीय मीडिया जन उपस्थित थे।

# हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह।** इकरार उस्ताद स्मृति संभागीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी दमोह के तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नरेन्द्र दुबे, अनवर उस्ताद, वरिष्ठ खिलाडी राकेश चाटर्जी, मुबीन खान, जिया खान के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता का समापन आधार शिला संस्थान के निर्देशक अजय लाल, सैफ उल्लाह जिला खेल अधिकारी, डॉ अलोक सोनवेलकर, अनवर उस्ताद, डॉ नज़ीर खान, अभिजीत लाल के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया. प्रतियोगिता में सागर, दमोह, उमरिया, जबलपुर की टीमों ने भाग लिया। मैच के अंपायर राजेश सोलोमन, राजीव खोसला, तरुण नामदेव, इमरान खान, विवियन राम, विकास जैन, शकील खान रहे, प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कफील खान, बट्टू खान, कलीम खान, अंसार खान, विजय सिंह, कल्लू खान, दीपक सिंह, विनोद राम. शबीर खान की रही।



# फांसी के फंदे से लटककर दी जान

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाले ब्रजेश पिता कांशीराम साहू उम्र 28 वर्ष ने सोमवार को नरगुवा तालाब वाले रास्ते में पेड़ में फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को अस्पताल भिजवाया गया जहां मंगलवार सुबह की मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएंगा। मृतक ब्रजेश के बडे भाई अजय साहू ने बताया कि ब्रजेश सुबह 9.30 घर से निकला था कई दिनों से परेशान था बुधवार के दिन वार्ड 11 के समाज के ही लडके ने मेरे भाई के साथ मारपीट की थी जिसका उसे सदमा था अनमना सा रहता था। साथ ही मेरे भाई की नई स्पेंडर मोटरसाइकिल भी कुछ दिनों से घर लेकर नहीं आया उसका मोबाइल भी अंतिम समय में जेब में नहीं मिला हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलो को जांच में लिया हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी फेमिदा खान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गुरु क्लब दमोह और लुहर्रा-बांदकपुर के बीच होगा फाइनल

### प्रत्येक छक्का चौका पर मिलेगा नगद पुरस्कार, विजेता टीम को 71000 रूपये उपविजेता को 31000 रूपये की राशि आदमकद ट्राफी के साथ दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुरु क्लब दमोह और लुहर्रा बांदकपुर के बीच खेला जाएगा। ग्राउंड में जहां जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों, मीडियाजनों खेल प्रेमियों की उपस्थिति रहेगी। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने हर चौकों छक्कों पर नगद राशि से प्रोत्साहित किया जाएगा। विजेता टीम को 71 हजार रूपये उपविजेता को 31 हजार रूपये आदमकद ट्राफी के साथ दिए जाएंगे। ट्राफी का दूसरा सेमीफाइनल मैच लुहर्रा बांदकपुर और कुम्हारी विकास 11 के मध्य खेला गया। जिसमें लुहर्रा की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और 15 ओवर में 181 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में कुम्हारी की टीम केवल 84 रन ही बनाकर धरासायी हो गई। मैच के हीरो और मैन ऑफ द मैच विशाल रहे। जिन्होंने 3 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। और अपनी टीम को जीत दिलाई। मैदानी अंपायर सगीर खान, संतोष राय, स्कोरर अरमान खान, कॉमेंटेटर जहांगीर खान रहे। अतिथि के रूप में राममिलन तिवारी, रामकिशुन तिवारी, रूपनारायण तिवारी, अतीक उर रहमान खान, खूबचंद तंतुवाय, पिंटू व्यास के साथ ही हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी रही। व्यवस्थापक के रूप में पप्पू खान, अजय बंसल, अंकेश, रज्जू भाई, राज साहू, ऋतिक, देवेंद्र, रियान खान रहे।

# विभागीय खेलकूल प्रतियोगिता में दमोह का दबदबा



**दमोह।** दशवें संस्करण शालेय विभागीय अधिकारी , कर्मचारी एथलेटिक्स खेलकूंद प्रतियोगिता सागर में आयोजित हुई जिसमे एथलेटिक्स के पाँच इवेंट्स हुए , जिसमे दमोह शिक्षा विभाग का दबदबा रहा और चेम्पियनशिप अपने नाम की , दमोह एथलेटिक्स दल से 8 कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें बारी बाई धुर्वे को जेवलिन में गोल्ड , समदई तेजगढ़ संकुल में पदस्थ ग़ौरी शोऐब पठान ने 100 मीटर रेस , लांग जम्प और जेवलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया । दीपशिखा को एक गोल्ड , दो सिल्वर , एक कांस्य , व रोशनी असाटी को एक सिल्वर , 3 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक अर्जित किये । अब ये प्रतिभागी सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सागर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे । दमोह जिले के शानदार प्रदर्शन करने पर सागर डी. एस. ओ. संजय दादर ने दमोह खेल अधिकारी विवेकदत्त शर्मा को अच्छी टीम तैयार करने के लिए बधाई दी । दमोह जिले की इस विशेष उपलब्धि पर धर्मेंद्र सिंह लोधी (राज्यमंत्री म.प्र.शासन), जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा , नन्हे सिंह (सहायक संचालक), वाय.के.कोरी बी.ई.ओ., विवेकदत्त शर्मा (जिला खेल अधिकारी), बी.के.डोंगरे बी.ई.ओ., परमलाल अहिरवार बी. आर.सी.सी., अनरत सिंह ठाकुर , शैलेन्द्र असाटी ए.डी पीसी, आरिफ अंजुम, मोहन राय , महेंद्र दीक्षित व समस्त खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं

# भागवान जागेश्वरनाथ का किया जलाभिषेक



**दमोह।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण दिल्ली संयुक्त विकास आयुक्त आईआरएस रूकमणी अत्री ने आज बांदकपुर में श्री जागेश्वरनाथ भगवान का जल अभिषेक किया और पूजन अर्चन कर देश व क्षेत्र की मंगल कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के समिति प्रबंधक कृपाल पाठक से धार्मिक स्थलन के संबंध में जानकारी ली।

# शादी का झांसा देकर युवती से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**हटा।** पुलिस थाना की नगरीय क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है जहां पीड़ित की शिकायत पर हटा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। हटा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने उक्त मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय क्षेत्र में पुराना गल्ला मंडी के समीप एक युवती से युवक द्वारा शादी का झांसा देकर अश्लीलता करते हुए छेड़छाड़ करने की शिकायत की गई है जहां महिला उपनिरीक्षक द्वारा युवती के कथन उपरांत आरोपी पन्ना जिला के पवई थाना क्षेत्र निवासी अंकुश सिंह लोधी के विरुद्ध धारा 354, 506, 323, अनुसूचित जाति एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# संकल्प यात्रा में शामिल हुई संयुक्त विकास आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की संयुक्त विकास आयुक्त रूकमणी अत्री जिले के ग्राम गुंजी एवं नोनपानी पहुँची। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकार की गारंटी वाली गाड़ी सभी ग्राम पंचायतों में जा रही हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही अवश्य लें। इस दौरान प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को देखा व सुना गया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शपथ भी दिलाई गई। ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जनजातीय कार्य/अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग, बैंक, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन, आजीविका मिशन, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवल योजना, शिक्षा संबंधित, उद्यानिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। इन स्टॉलों पर ग्रामीणजनों ने अपने आवेदन दिए। इस अवसर पर धर्मेंद्र पटेल, बृजेश सिंह लोधी, मिंटू अभिलाष हजारी, एसडीएम दमोह आरएल बागरी, जनपद पंचायत सीईओ पूनम दुबे, उपसंचालक मुकेश प्रजापति, सहायक संचालक जेएल प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष रोहित ने किया।